एशियाई लोग

रणनीति

2015 - 2020

कार्यकारी सारांश

Plunket

एशियाई लोग

रणनीति

2015 - 2020

कार्यकारी सारांश

उद्देश्यः प्रत्येक बच्चे को सर्वोत्तम शुरूआत देने के लिए एशियाई परिवारों और समुदायों के साथ कार्य करना

कार्यकारी सारांश

न्यूज़ीलैण्ड की जनसंख्या की प्रजातीय संरचना तेजी से बदल रही है। न्यूज़ीलैण्ड में रहने वाले एशियाई मूल के लोगों की संख्या में सबसे तेजी से वृद्धि हुई है। प्लंकेट में 2006 से 2012 के बीच एशियाई नवजात बच्चों के मामलों में 47% बढ़ोत्तरी में यह वृद्धि झलकती है। 2013 की जनगणना में एशियाई लोगों को न्यूज़ीलैण्ड में तीसरे सबसे बड़े प्रजातीय समूह के रूप में रिकार्ड किया गया, जो जनसंख्या का 11.8% हैं (74% एनजेड यूरोपियन और 14.9% माओरी के बाद) इस वृद्धि को देखते हुए, प्लंकेट नेशनल बोर्ड ने संगठन में "देखभाल हेतु एशियाई रणनीति और एशियाई मॉडल की खोज और निर्धारण" हेतु संगठन के लिए लक्ष्य तय किया है। यह रणनीति वर्णन करती है कि आने वाले पांच वर्षों में यह लक्ष्य कैसे हासिल किया जाएगा।



न्यूज़ीलैण्ड की जनसंख्या प्रजातीय समूह, जनगणना 2013

न्यूजीलैण्ड में एशियाई लोग

1. एशियाई लोग न्यूजीलैण्ड में तीसरा सबसे बड़ा प्रजातीय समूह हैं। अधिकांश एशियाई लोग ऑकलैण्ड क्षेत्र में रहते हैं, जिसके बाद वेलिंगटन, कैंटरबरी, वाइकाटो और बे ऑफ प्लेंटी क्षेत्र का स्थान है। विदेशों में जन्मे व न्यूजीलैण्ड में रहने वाले लोगों की संख्या पहली बार 1 मिलियन को पार कर गई है, जिसमें सबसे सामान्य जन्मस्थान एशिया (31.6%) के बाद यूके और आयरलैण्ड जन्मस्थान (26.5%) वाले लोगों का स्थान है।[1].

2. एशियाई समुदाय में चीनी सबसे बड़ा प्रजातीय समूह है, जिसके पश्चात भारतीय, फिलीपीनी, कोरियाई और जापानी लोगों का स्थान है। भारतीय प्रजातीय समूह, चीनियों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है और फिलीपीनियों की जनसंख्या, 2006 से दोगुने से अधिक हो गई है।

3. सामान्यतया एशियाई नवजात और बच्चे स्वस्थ होते हैं, हालांकि उनमें उप-समूहों के आधार पर कुछ अंतर होते हैं। हालांकि स्वास्थ्यप्रद आप्रवासी प्रभाव, समय के साथ क्षीण हो सकते हैं और मेजबान देश में, विशेषकर प्रवासियों की बाद की पीढ़ियों में, लम्बे समय तक रहने पर उलट भी सकते हैं।

4. एशियाई समुदाय एक बहुत विविधताभरा समूह है जिसमें न्यूजीलैण्ड में अनेक पीढ़ियों से रहने वाले एशियाई लोग, हाल के आप्रवासी और शरणार्थी शामिल हैं। वे अपने मूलस्थान, धार्मिक लगाव तथा जो भाषाएं बोल सकते हैं, उनके संदर्भ में भी बहुत विविधतापूर्ण हैं।

1 देशों के बजाय क्षेत्रों द्वारा माप।

एशियाई लोग और प्लंकेट

1. प्लंकेट में एशियाई क्लाइंट्स की संख्या 2005/2006 से दोगुनी हो गई है। 2013/2014 में लगभग 15% नवजात शिशुओं वाले मामले, एशियाई पृष्ठभूमि वाले थे।

2. साथ ही, 4% प्लंकेट सवेतन कर्मचारी, स्वयंसेवी और शासी बोर्ड के सदस्यों ने एशियन के रूप में अपनी पहचान की।

3. सामान्यतया बात करने पर, अधिकांश एशियाई क्लाइंट प्लंकेट सेवाओं से संतुष्ट हैं और महसूस करते हैं कि उनकी बात सुनी जाती है।

4. प्लंकेट का शोध इंगित करता है कि एशियाई लोग, प्लंकेट और इसकी सेवाओं को लेकर जागरूक नहीं हैं। प्रतिभागियों ने उल्लेख किया कि अधिक संसाधन विकसित करने, तथा कर्मचारियों को एशियाई भाषाएं बोलने में सक्षम बनाने से भाषा और संस्कृति के अवरोध दूर करने में सहायता मिलेगी।

मुख्य सिफारिशों में निम्न शामिल हैं:

- एशियाई भाषाओं में संसाधन विकसित करना
- अधिक कर्मचारी नियुक्त करना, जो विभिन्न भाषाएं बोलने में सक्षम हों
- ऐसी सेवाएं विकसित करना, जो एशियाई परिवारों की विशिष्ट ज़रूरतें पूरी करें
- एशियाई संस्कृति के विश्वासों व रीति-रिवाजों के बारे में अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की जानकारी बढ़ाने के लिए सहायता देना।

इसमें कार्यक्रम विकसित करने और लागू करने के लिए एशियाई समुदाय के साथ घनिष्ठ संबंध बनाकर कार्य करने के महत्त्व पर भी जोर दिया गया।

प्लंकेट की एशियाई लोगों के लिए रणनीति

प्लंकेट की एशियाई लोगों के लिए रणनीति, एक 5 वर्षीय नीति है (2015-2020) जिसमें वार्षिक लक्ष्य तय किए गए हैं। समुदाय इस बारे में प्रतिक्रिया देने के लिए आमंत्रित हैं। इस रणनीति के तीन नीतिगत दिशानिर्देश हैं, प्रत्येक के अपने कार्यप्रवाह और परिणाम हैं।

रणनीतिक दिशानिर्देश	कार्यप्रवाह	निष्कर्ष
1. संगठन योग्यता व क्षमता बढ़ाना	जनबल विकास	विविधतापूर्ण कार्मिकशक्ति
		सांस्कृतिक सक्षमता
		सुलभ जानकारी
	सिस्टम और रणनीतियां	रिपोर्टिंग और अनुसंधान
		नीतियां और जनपैरवी
2. पहुंच, उपयोगिता वसंतुष्टि में वृद्धि	पहुंच और जागरूकता में वृद्धि	जागरूकता बढ़ाना
		सुलभ और प्रासंगिक सेवाएं
	उपयोगिता में वृद्धि	मौजूदा सेवाओं का उपयोग करना
		दुभाषियों का उपयोग
		पेशेवर सेवाएं
	संतुष्टि में वृद्धि	ग्राहक संतुष्टि
		आपके सुझाव के उचित और प्रभावी माध्यम
3. सामुदायिक जुड़ाव में वृद्धि	सार्थक संबंधों का निर्माण	एशियाई समुदाय
		संबंधित एजेंसियां

रणनीतिक दिशानिर्देश 1: प्लंकेट की क्षमता & सामर्थ्य बढ़ाना

कार्यप्रवाह 1: जनबल विकास

- विविधतापूर्ण कार्मिकशक्ति
  - प्लंकेट के कर्मचारी, स्वयंसेवी और शासी सदस्य, लक्षित जनसंख्या को अधिक बेहतर ढंग से प्रतिबिम्बित करें
  - एशियाई कर्मचारी प्लंकेट के साथ भलीभांति जुड़े हैं और प्लंकेट द्वारा समर्थित हैं
- सांस्कृतिक सक्षमता - प्लंकेट के लोग, एशियाई लोगों की ज़रूरतें पूरी करने में खुद को सक्षम बनाने के लिए सांस्कृतिक रूप से समर्थ हैं।
- जानकारी की सुलभता - प्लंकेट के लोगों की एशियाई-विशिष्ट संसाधनों तक आसान पहुंच है (आंतरिक और बाहरी)

कार्यप्रवाह 2: सिस्टम और रणनीतियां

- रिपोर्टिंग और अनुसंधान
    - रिपोर्टिंग प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि जागरूक नियोजन तथा मूल्यांकन में सहायता के लिए उच्चकोटि का सजातीय डेटा उपलब्ध है।
    - एशियाई बच्चों के लिए स्वास्थ्य संबंधी परिणामों में सुधार
    - अनुसंधान निर्णय-सृजन और नियोजन, एशियाई समुदायों की बेहतर समझ और सहयोग द्वारा समर्थित है।
    - देखभाल के सर्वोत्तम प्रविधि वाले मॉडल लागू किए गए हैं जो एशियाई समुदायों की ज़रुरतें पूरी करते हैं।
- संवेदनशील नीतियां और जनपैरवी
    - प्लंकेट की नीतियां और रणनीतियां, एशियाई लोगों की ज़रुरतों के प्रति संवेदनशील हैं
    - एशियाई लोगों की आवश्यकताओं का पक्षसमर्थन किया जाता है जहां प्रासंगिक हो
    - एशियाई समुदाय से सक्रियतापूर्वक रणनीतिक सलाह ली जाती है।

रणनीतिक दिशानिर्देश 2: पहुंच, उपयोगिता, व संतुष्टि में वृद्धि

कार्यप्रवाह 1: एशियाई समुदाय में पहुंच और जागरूकता

- जागरूकता बढ़ाना
    - एशियाई समुदाय प्लंकेट सेवाओं के बारे में समझता है और जागरूक है
    - प्लंकेट, एशियाई परिवारों के लिए बाहरी मामलों में प्रतिक्रिया करता है, जो एशियाई मूल्यों और विश्वासों पर आधारित होती है।
- सुलभ तथा प्रासंगिक सेवाएं- ऐसी सेवाएं, जो एशियाई परिवारों की विशिष्ट ज़रुरतें पूरी करें, डिजाइन तथा क्रियान्वित की गई हैं तथा इन्हें एशियाई समुदायों में बढ़ावा दिया जाता है।

कार्यप्रवाह 2: संबंधित पेशेवर सेवाओं का उपयोग

- मौजूदा सेवाओं का उपयोग -मौजूदा प्लंकेट सेवाएं जो एशियाई परिवारों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हैं उन्हें चिन्हित किया गया और बढ़ावा दिया गया है
- दुभाषियों का उपयोग - एशियाई क्लाइंट्स से प्रभावी संवाद के साधन के रूप में प्लंकेट सेवाओं में पेशेवर दुभाषियों का उपयोग बढ़ाया गया है।
- पेशेवर सेवाएं - प्लंकेट के लोगों द्वारा विशिष्ट सांस्कृतिक सहायता देने वाली पेशेवर सेवाओं के लिए एशियाई क्लाइंट्स को संदर्भित करने की संख्या में वृद्धि।

कार्यप्रवाह 3: ग्राहक संतुष्टि

- ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि - एशियाई क्लाइंट्स के ग्राहक संतुष्टि स्तरों में वृद्धि होने के कारण प्लंकेट, एशियाई परिवारों के लिए वेल चाइल्ड तथा अन्य अभिभावक सहायता सेवाएं उपलब्ध कराने वाला पसंदीदा प्रदाता बन गया है।
- उचित तथा प्रभावी प्रतिक्रिया (फीडबैक)-एशियाई परिवार प्लंकेट को आसानी से प्रतिक्रिया उपलब्ध करा सकते हैं, जिन पर सक्रियता से प्रतिक्रिया की जाती है, ताकि उपभोक्ताओं की ज़रूरतें सुनी जाएं और उन पर कार्यवाही की जाए।

रणनीतिक दिशानिर्देश 3: सामुदायिक जुड़ाव में वृद्धि

कार्यप्रवाह 1: सार्थक संबंध

- एशियाई समुदाय-धारणीय स्थायी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन संभव बनाने के लिए समुदाय के नेतृत्व में साझेदारियां विकसित की गई हैं, जो मूल्यवान हैं और समुदाय द्वारा उपयोग की जाती हैं।
- प्रासंगिक एजेंसियां-एशियाई समुदायों के साथ कार्य करने की प्लंकेट की क्षमता पेशेवर, क्लीनिकल, सहायक स्वास्थ्य तथा अकादमिक समूहों से रणनीतिक संबंधों के माध्यम से बढ़ी है।

“हमसे पहले की पीढ़ी ने वृक्ष लगाए, हमारे बाद की पीढ़ी छाया का आनंद लेगी।“

पारम्परिक एशियाई कहावत

साथ मिलकर, हर बच्चे के लिए सर्वोत्तम शुरूआत | Whānau āwhina